
**2.** एक योजनात्मक पॉलीन्यूक्लियोटाइड शृंखला में '– – – – –' लाइन इसके प्रकार बंध का निरूपण दर्शाती है :




(A) हाइड्रोजन बंध  (B) पेप्टाइड बंध
(C) N-ग्लाइकोसिडिक बंध  (D) फॉस्फोडाइएस्टर बंध

**3.** दूध को दही में स्कंदित करने वाले *लैक्टोबैसिलस* को सामान्यत: इस वर्ग में रखते हैं :

(A) सायनोबैक्टीरिया  (B) आर्की (आद्य) बैक्टीरिया
(C) रसायन-संश्लेषी बैक्टीरिया  (D) विषमपोषी बैक्टीरिया

**4.** निम्नलिखित पारजीवी जंतुओं (ट्रांसजेनिक एनिमल्स) में से किसे पोलियो के टीके (वैक्सीन) की सुरक्षा परीक्षण हेतु उपयोग किया गया है ?

(A) भेड़  (B) बकरी
(C) सूअर  (D) चूहा

**5.** "मनुष्य सहित सभी कशेरुकी जंतुओं के भ्रूण में सिर के ठीक पीछे अवशेषी गलफड़ों की शृंखला विकसित होती है, परन्तु यह केवल मछलियों (मत्स्य) में ही क्रियाशील अंग होते हैं तथा अन्य सभी कशेरुकी जन्तुओं में वे फेफड़ों द्वारा प्रतिस्थापित हो जाते हैं ।" कथन को प्रस्तावित करने वाले वैज्ञानिक का नाम है :

(A) डार्विन  (B) लामार्क
(C) अर्नेस्ट हेकल  (D) मेंडल

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन मानव अपरा (प्लैसेंटा) द्वारा स्रावित होता है जो सगर्भता (गर्भावस्था) को बनाए रखने में सहायक है ?

(A) रिलैक्सिन  (B) मानव जरायु गोनैडोट्रॉपिन
(C) ऑक्सीटोसिन  (D) मानव अपरा लैक्टोजन

7. ऐलर्जीय अनुक्रिया के दौरान, प्रतिजन के IgE प्रतिरक्षियों में बंधन से क्या निर्मुक्त होने लगता है ?

(A) इंटरफेरॉन (B) हिस्टामीन

(C) हिपैरिन (D) ऐसीटिलऐमीन

8. निम्नलिखित से ***गलत*** जोड़े का चयन कीजिए :

| | *मानव कैरियोटाइप* | | *लक्षण* |
|---|---|---|---|
| (A) | 45 + XX | – | चौड़ी हथेली में अभिलाक्षणिक पाम क्रीज़ |
| (B) | 44 + XXY | – | समग्र रूप से मादा लक्षण का विकास |
| (C) | 44 + XO | – | अल्पवर्धित अंडाशय के कारण नारी बाँझ होती है |
| (D) | 44 + XY | – | सामान्य नर (पुरुष) |

9. प्रतिबंधन एंडोन्यूक्लिएज़ – हिंड II डीएनए अणु के विशिष्ट अनुक्रम को पहचान कर विशेष बिन्दु पर काटते हैं, इस विशिष्ट अनुक्रम में क्षारक युग्मों की संख्या है :

(A) छह क्षारक युग्म (B) चार क्षारक युग्म

(C) सात क्षारक युग्म (D) तीन क्षारक युग्म

10. परिवार नियोजन हेतु किसी दम्पति द्वारा अपनाई जाने वाली आवधिक संयम अवधि होनी चाहिए :

(A) माहवारी चक्र के 5वें से 10वें दिन के बीच

(B) माहवारी चक्र के 13वें से 15वें दिन के बीच

(C) माहवारी चक्र के 10वें से 17वें दिन के बीच

(D) माहवारी चक्र के 16वें से 20वें दिन के बीच

11. स्टैनले कोहेन व हरबर्ट बोयर ने प्रथम r-डीएनए के निर्माण के लिए निम्नलिखित में से किस जीवाणु (बैक्टीरिया) का उपयोग किया ?

(A) *ऐग्रोबैक्टीरियम ट्यूमीफेशिएंस*

(B) *माइकोबैक्टीरियम* स्पी.

(C) *ई. कोलाई*

(D) *साल्मोनेला टाइफीमूरियम*

12. एक तालाब के पारितंत्र में एक से अधिक पोषण स्तर पर विद्यमान जीव है :

(A) मत्स्य (मछली) (B) मेंढक

(C) प्राणिप्लवक (D) पादपप्लवक

